प्रेस नोट दिनांक 26.05.2025 जनपद प्रतापगढ़

थाना लीलापुर, जनपद प्रतापगढ़

लूट की घटना का सफल अनावरण — 02 अभियुक्त गिरफ्तार, लूटा गया मोबाइल बरामद

थाना लीलापुर क्षेत्र में घटित लूट की एक घटना का पुलिस ने त्वरित अनावरण करते हुए 02 नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर लूटा गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है।

घटना का विवरण:-

दिनांक 24.05.2025 को वादी द्वारा थाना लीलापुर पर लिखित सूचना दी गई थी कि वह अपने मित्र के साथ सण्डवा चंद्रिका मंदिर से तेजगढ़ होते हुए घर लौट रहा था। कमोरा नदी पुल पार करने के बाद वादी सड़क किनारे बाथरूम के लिए रुका, तभी दो अज्ञात युवक काली स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से पहुंचे और वादी को धमकाते हुए उसके साथ मारपीट कर मोबाइल फोन लूट ले गए। जाते समय दोनों एक-दूसरे के नाम पुकारते हुए मौके से फरार हो गए। वादी की तहरीर पर थाना लीलापुर पर मु0अ0सं0 112/25 धारा 309(6) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी:-

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय तथा क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण में, थाना प्रभारी लीलापुर श्री अरुण कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26.05.2025 को अभियुक्त 1. दिलजार उर्फ दिल्लू पुत्र अब्दुल कलीम उर्फ पप्पू ठेकेदार निवासी पुरे पाण्डेय कमोरा, तथा 2. साजिद पुत्र समीउल्ला उर्फ फुल्ले निवासी भागीपुर कमोरा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर लूट का 01 अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

01. दिलजार उर्फ दिल्लू पुत्र अब्दुल कलीम उर्फ पप्पू ठेकेदार निवासी पुरे पाण्डेय कमोरा थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ।

02. साजिद पुत्र समीउल्ला उर्फ फुल्ले निवासी भागीपुर कमोरा थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ।

बरामदगी- 01. लूट का 01 अदद मोबाइल।

पुलिस टीम- उ0नि0 गिरीशधर दुबे मय हमराह हे0का0 अमित दुबे थाना लीलापुर प्रतापगढ़।

प्रतापगढ़ पुलिस जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कृत संकल्पित है। ऐसे अपराधियों के विरुद्ध आगे भी कठोर विधिक कार्यवाही जारी रहेगी।

थाना उदयपुर, जनपद प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार का अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कड़ा एक्शन

हत्या का प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना उदयपुर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्रान्तर्गत लखापुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया

घटना का संक्षिप्त का विवरण-

दिनांक 23.05.2025 को थाना उदयपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नरवल में वादी के परिजनों को विपक्षीगणों द्वारा गाली गलौज करते हुए, जान से मारने की नियत से एक राय होकर लाठी, डण्डा, व लोहे की रॉड से हमला किये। जिसके संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 77/25 धारा 191(2), 115(2), 333, 109(1), 110, 352, 351(3) बीएनएस बनाम 05 नामजद व 02 व्यक्ति अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी उदयपुर श्री राधेश्याम के नेतृत्व में उ0नि0 नन्दलाल यादव मय हमराह का0 भागीरथ द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना उदयपुर में पंजीकृत मु0अ0स0 77/25 धारा 191(2), 115(2), 333, 109(1), 110, 352, 351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त 01- सोनू सिंह पुत्र गोविन्द सिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम नरवल थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना उदयपुर क्षेत्रान्तर्गत लखापुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभियोग से संबंधित 03 अभियुक्तों , 01- मोहित सिंह पुत्र रावेन्द्र सिंह उम्र करीब 28 वर्ष, 02- रोहित सिंह उर्फ लोहा सिंह पुत्र गोविन्द सिंह उम्र करीब 29 वर्ष, 03- बलराम सिंह पुत्र राकेश सिंह उम्र करीब 34 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम नरवल थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 25.05.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01-सोनू सिंह पुत्र गोविन्द सिंह उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम नरवल थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 नन्दलाल यादव मय हमराह का0 भागीरथ थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़।